भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 929 जिसका उत्तर
शुक्रवार, 5 दिसंबर, 2025/14 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाना है

अंतर्देशीय जलमार्ग परियोजनाएं

† 929. श्री दीपक अधिकारी (देव) :

क्या पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में अंतर्देशीय जलमार्ग के विकास की परियोजनाओं के माध्यम से व्यापार की संभावनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) स्वीकृत परियोजनाओं का वित्तीय ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या निजी कंपनियों ने उक्त परियोजनाओं के कार्यान्वयन में भाग लिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क): भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई), पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय, व्यवहार्यता अध्ययन कर रहा है और व्यवहार्यता के आधार पर, 32 राष्ट्रीय जलमार्गों (रा.ज.) को प्रचालनरत बनाया गया है। प्रचालनरत रा.ज. की सूची **अनुबंध-1** में दी गई हैं।

(ख): आईडब्ल्यूटी क्षेत्र के विकास हेतु स्वीकृत परियोजनाओं का वित्तीय विवरण **अनुबंध-2** में दिया गया है।

(ग): जी हां। निजी क्षेत्र टर्मिनलों, जेट्टियों और जलयानों के प्रचालन और रख- रखाव कार्य में भाग ले रहा है।

अनुबंध -1

दिनांक 30.11.2025 की स्थिति अनुसार प्रचालनरत राष्ट्रीय जलमार्ग		
क्रम सं.	**रा.ज. सं.**	**राष्ट्रीय जलमार्गों के नाम**
1	रा.ज.-1	गंगा –भागीरथी -हुगली नदी प्रणाली (हल्दिया – इलाहाबाद)
2	रा.ज.-2	ब्रह्मपुत्र नदी (ढुबरी-सादिया)
3	रा.ज.-3	वेस्ट कोस्ट नहर
4	रा.ज.-4	कृष्णा गोदावरी नदी प्रणाली
5	रा.ज.-5	पूर्वी तट नहर और मतई नदी/ब्राह्मणी-खरसुआ-धामरा नदियां/महानदी डेल्टा नदियाँ
6	रा.ज.-8	अलप्पुझा -चंगनसरी नहर
7	रा.ज.-9	अलप्पुझा -कोट्टायम -अथिरमप्पुझा नहर
8	रा.ज.-14	बैतरणी नदी
9	रा.ज.-16	बराक नदी
10	रा.ज.-23	बुढा बलांगा
11	रा.ज.-31	धनसीरी /चात्हे
12	रा.ज.-44	इच्छामती नदी
13	रा.ज.-48	जवाई-लूनी नदी और कच्छ का रण नदी प्रणाली
14	रा.ज.-53	(कल्याण –ठाणे -मुंबई जलमार्ग, वसई क्रीक और उल्हास नदी प्रणाली)
15	रा.ज.-64	महानदी नदी
16	रा.ज.-86	रूपनारायण नदी
17	रा.ज.-94	सोन नदी

18	रा.ज.-97	सुंदरबन जलमार्ग
19	रा.ज.-10	अंबा नदी
20	रा.ज.-83	राजपुरी क्रीक
21	रा.ज.-85	रेवदंडा क्रीक -कुंडालिका नदी प्रणाली
22	रा.ज.-91	शास्त्री नदी -जयगढ़ क्रीक प्रणाली
23	रा.ज.-68	माण्डोवी नदी
24	रा.ज.-111	ज़ुआरी नदी
25	रा.ज.-73	नर्मदा नदी
26	रा.ज.-100	तापी नदी
27	रा.ज.-27	कंबरजुआ नदी
28	रा.ज.-47	जलंगी नदी
29	रा.ज.-87	साबरमती नदी
30	रा.ज.-57	कोपिली नदी
31	रा.ज.-110	यमुना नदी
32	रा.ज.-40	घाघरा नदी

अनुबंध-2

राष्ट्रीय जलमार्गों पर अंतर्देशीय जल परिवहन परियोजनाओं/ योजनाओं (स्वीकृत परियोजनाओं) का सारांश:

क्रम सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**
1	जेएमवीपी-1 (गंगा नदी)	4600.58
2	गंगा नदी पर जेएमवीपी-II (अर्थ गंगा)	
3	8. हाइब्रिड इलेक्ट्रिक कैटामारन	144
4	रा.ज.-2 का व्यापक विकास (ब्रह्मपुत्र नदी)	498.38
5	पांडु पोर्ट टर्मिनल से रा.रा.-27 तक एप्रोच रोड का विकास और पांडु, गुवाहाटी में रा.ज.-2 पर पोत मरम्मत सुविधा	419.00
6	रा.ज.-16 का व्यापक विकास (बराक नदी)	134.72
7	23 राष्ट्रीय जलमार्गों का विकास (चरण -1)	266.09
8	पूर्वोत्तर राज्यों में सीएसएस	100.00
9	अन्य राष्ट्रीय जलमार्ग (रा.ज.)	242.74
कुल		**6405.51**

*****